PUBLICATION NAME :	**Rajasthan Patrika**
EDITION :	**Ahmedabad**
DATE :	**30/3/2022**
PAGE :	**2**

विकास को गति देते हैं एमएसएमई, उन्हें मजबूत करना जरूरीः राणे

एमएसएमई पर मेगा इंटरनेशनल समिट

अहमदाबाद @ पत्रिका. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) देश के विकास को गति देने वाले हैं, जिससे उन्हें और मजबूत करना जरूरी है।

यह बात केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने मंगलवार को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित दो दिवसीय एमएसएमई मेगा इंटरनेशनल समिट के उद्घाटन समारोह में कही।

एमएसएमई और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समिट में एमएसएमई राज्यमंत्र भानूप्रताप सिंह वर्मा, ईडीआईआ के महानिदेशक डॉ.सुनील शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

समिट में कोरोना महामारी के बीच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की ओर से एमएसएम क्षेत्र में चुनौती और अवसर एमएसएमई के विकास म इन्क्यूबेटर्स की भूमिका व अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।